शरणार्थी बस्तियों में सम्पत्ति कर

2271. **श्री बड़े :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली नगर निगम ने शरणार्थी बस्तियों से पिछले छः वर्ष का सम्पत्ति कर वसूल करने का निर्णय किया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि 1959-60 में शरणार्थी केवल अलाटी अथवा किरायेदार थे, न कि मालिक ; और

(ग) यदि हां तो छः वर्ष का सम्पति कर वसूल किये जाने के क्या कारण हैं ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बा० रा० भगत) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग). बांटी जाने वाली अर्जित की गई निष्क्रान्त सम्पत्तियां तथा सरकार द्वारा बनाई गई सम्पत्तियां, विस्थापित व्यक्तियों को किश्त के आधार पर हस्तांतरित कर दी गई हैं । उनको जिन तारीखों से किराये की छूट दी गई थी उन तारीखों से ही उनको स्थानीय कर भी देने थे । इस बारे में प्रत्येक हस्तान्तरी द्वारा एक करार भी लिखा गया था । इन जायदादों की कुल कीमत का भुगतान करने के बाद इन जायदादों के मालिकाना हक भी हस्तांतरित को उन तारीखों से दिये जायेंगे जिन तारीखों से उन्हें किराये की छूट दी गई थी । करार की शर्तों के अनुसार स्थानीय कर वसूल कि ... ।

शेख अब्दुल्ला

2272. **श्री बड़े :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि शेख अब्दुल्ला के समर्थकों ने इन दिनों राजधानी में एक झूठा प्रचार आरम्भ कर दिया है कि वह उस स्थान पर जहां वह नजरबन्द हैं बीमार हैं और उन्हें श्रीनगर भेज दिया जाना चाहिये ; और

(ख) यदि हां तो इस के सम्बन्ध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी): (क) तथा (ख). यह सत्य है कि शेख अब्दुल्ला के कुछ सम्बन्धियों तथा अन्यों ने उन के कुछ मामूली रोगों के बारे में चिन्ता प्रकट की थी । शेख अब्दुल्ला के रोगों तथा उनकी की गई चिकित्सा के तथ्य उन के कुटुम्ब के सदस्यों को मालम हैं तथा जनता को भी ज्ञात करा दिये गये हैं ?

कोलार सोने की खान में दुर्घटना

2273. **श्री बड़े :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री इन्द्र जीत गुप्त :
श्री मुहम्मद इलियास :

क्या श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 6 फरवरी, 1966 को कोलार सोने की खान में हुई दुर्घटना में 7 मजदूरों की मृत्यु हो गई ;

(ख) यदि हां तो मृत श्रमिकों के परिवारों को सरकार द्वारा प्रतिकर की कितनी धनराशि मंजूर की गई है;